बुंदेलखंड में 2600 मेगावाट का वृहद सोलर पार्क बनेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा पार्क के विकास के लिए अनुमोदित परियोजना में बदलाव के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। बुंदेलखंड में उत्पादित होने वाली 4000 मेगावाट सौर विद्युत ऊर्जा के पारेषण के लिए जनवरी, 2022 में 5,011.47 करोड़ रुपये की लागत से तंत्र (उपकेंद्र तथा परेषण लाइन व अन्य कार्य) विकसित करने के लिए परियोजना स्वीकृत हुई थी। अब उप्र नेडा 4000 मेगावाट के डिस्ट्रीब्यूटेड सोलर पार्क के स्थान पर 2600 मेगावाट वृहद सोलर पार्क की स्थापना करेगा।

सरकारी विभाग जारी रखेंगे खादी के उत्पादों की खरीद : खादी वस्त्रों व अन्य उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभाग इसकी खरीद पूर्व की व्यवस्था के तहत आगे भी जारी रखेंगे। कैबिनेट ने जेम पोर्टल से ही क्रय किए जाने वाले सभी खादी उत्पाद खरीद की वैधता को तीन वर्ष तक और विस्तारित करने संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

अब सस्ता मिलेगा वर्गीकृत वीर्य : गायों की जन्मदर को बढ़ाने और नर गोवंशों की उत्पत्ति पर अंकुश के लिए कृत्रिम गर्भाधान के वर्गीकृत वीर्य (सेक्सड सीमेन) की कीमत को पूरे प्रदेश में 300 से घटाकर 100 रुपये किया गया।